हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 अब 35 युवा बनेंगे राजमिस्त्री 70 का कौशल उन्नयन पूर्ण



## खबर संक्षेप

### सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आज से

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया मुक्ति अभियान अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ 10 फरवरी से किया जाएगा। जिला मलेरिया एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि इसमें 10, 11 एवं 12 फरवरी को स्कूल, आंगनबाड़ी, कॉलेज, हाऊसिंग सोसाईटी, बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन तथा आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक घर-घर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन दवा प्रशासक द्वारा कराया जाएगा तथा छूटे हुए व्यक्तियों को 23, 24 एवं 25 फरवरी को दवा का सेवन कराया जाना है। उन्होंने बताया कि जिले को फाईलेरिया मुक्त किए जाने हेतु सामूहिक दवा सेवन गतिविधि में कुल 3691 दवा प्रशासकों द्वारा दवा खिलायी जाएगी तथा 369 सुपरवाईजरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। समस्त विकासखंड के लिए जिला स्तर से विकासखण्ड नोडल नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस समस्त जिले वासियों को फाईलेरिया (हाथीपांव) से बचाव हेतु फाईलेरिया रोधी दवाइयों का सेवन कर जिले को फाईलेरिया मुक्त बनाने का आह्वान किया है।

### ट्रांसपोर्ट नगर पानी टंकी से 14 तक पानी आपूर्ति रहेगी बाधित

**अंबिकापुर।** शहर के कुछ हिस्सों में 10 से 14 फरवरी तक पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। ननि आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर पानी टंकी में आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य कराया जाना है। इस कार्य के कारण ट्रांसपोर्ट नगर पानी टंकी से बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर, बंजारी, मठपारा क्षेत्रों में 10 से 14 फरवरी तक जल प्रदाय बाधित रहेगा। मरम्मत और सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद फिर से लोगों को जलापूर्ति की जाएगी।

### सामूहिक विवाह आज, 260 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में



**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 10 फरवरी को पीजी कॉलेज के हॉकी स्टेडियम मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में जिलेभर के 260 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रातः 11.30 बजे वर्चुअल रूप से जुड़कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। वैवाहिक कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद सरगुजा चिंतामणी महाराज करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, राज्य गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, सभापति ननि हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव एवं सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति श्रीमती राधा रवि शामिल होंगे।

लुचकी घाट फ्लाईओवर किनारे खाली भूमि पर गाड़े बांस बल्ली, फ्लाई ओवर पर भी बिक रही सब्जियां

# कोचियों के बाद अब स्थानीय ग्रामीण कर रहे वन विभाग की भूमि पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर



शहर से लगे लुचकी घाट पर लोगों द्वारा वन भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन भूमि पर झाला बनाने के लिए बांस बल्ली गाड ली है और आने वाले दिनों में इस भूमि पर कब्जा हो जाएगा। हैरानी की बात तो यह है कि एनएच किनारे की भूमि पर चल रहे इस कब्जे के खेल की जानकारी विभाग को नहीं है। एनएच फ्लाईओवर किनारे किया जा रहा कब्जा आने वाले दिनों दुर्घटना की मुख्य वजह बनेगा।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर लुचकी घाट पर एनएच विभाग द्वारा घाट कटिंग कर फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। प्रारंभ से ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित लुचकी घाट पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ही घाट कटिंग का फ्लाई ओवर का निर्माण कराया गया है। इसी फ्लाई ओवर के बगल में वन विभाग की भूमि मौजूद है। बड़ी बात तो यह है कि वन विभाग की उक्त भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। फ्लाईओवर किनारे की खाली भूमि पर ग्रामीणों द्वारा झाला बनाने के लिए बांस बल्ली गाड़ी गई है ताकि वे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कोचियों के कब्जे से शुरू हुआ खेल

एनएच किनारे वन भूमि पर कब्जे का खेल फ्लाई ओवर पर कोचियों द्वारा किए गये कब्जे के बाद शुरू हुआ। घुमावदार मोड़ और ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित लुचकी घाट के फ्लाईओवर पर कोचियों ने कब्जा जमा लिया है। फ्लाईओवर पर कब्जा जमाने वाले ज्यादातर कोचिया प्रदेश के बाहर के है और उनके द्वारा फ्लाईओवर किनारे सब्जी, भाजी, अमरुद, सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री की जा रही है। इधर वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने वालों का कहना है कि कोचिए जब एनएच पर कब्जा कर रहे है तो उन्होंने ने भी जमीन घेर ली। बड़ी बात तो यह है कि एनएच विभाग के अधिकारी जब इनपर कार्रवाई करने पहुंचे तो कोचिए अधिकारियों से ही भिड गए। एनएच द्वारा इसकी सूचना जिला और पुलिस प्रशासन को भी पूर्ण में दी जा चुकी है लेकिन अधिकारियों की ओर से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

### कराई जाएगी जांच

मामले की जांच कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश देती हूं, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-श्वेता कंबोज, डीएफओ सरगुजा

# मोहरा एनीकट में डूबे दोनों किशोरों के शव बरामद



**बिश्रामपुर।** रामनगर से होकर गुजरने वाली रेड़ नदी स्थित मोहरा एनीकट में नहाने के दौरान डूबे दोनों नाबालिग किशोरों के शव को दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है, घटना दिवस रविवार को पूरे दिन जॉइंट टीम द्वारा चलाई गई तलाशी अभियान में सफलता नहीं मिली थी, जिसे सुरक्षा कारणों से अंधेरा होने पर सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया था।

सोमवार की सुबह बिश्रामपुर पुलिस, एसडीआरएफ टीम एवं स्थानीय गोताखोरों के संयुक्त दल द्वारा पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया,कुछ ही देर में एक-एक कर दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए,पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण कर शव को परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम किया है। मृतकों की पहचान शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र आदिल तथा जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद के 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम के रूप में हुई है,दोनों ही किशोर रविवार की दोपहर अपने पांच-छह दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से मोहरा एनीकट पहुंचे थे,जहां आपसी बातचीत के दौरान नहाने के लिए पानी में उतरते ही गहरे पानी ▶▶ शेष पेज 2 पर

## बच्चों से झाड़ू लगवाने के मामले बीईओ सहित चार को कारण बताओ नोटिस जारी

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय स्कूल में आदिवासी बच्चों से झाड़ू लगवाने और साफ-सफाई कराने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पोल खुल गई। बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाने को लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान में ली और जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जांच में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि बच्चों से स्कूल परिसर और शौचालय की साफ-सफाई करवाई जा रही थी और यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नूलाल धुर्वे, संकुल सीएससी तथा स्कूल में पदस्थ दो शिक्षकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चारों को दो दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। डीईओ अजय मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मामला न केवल गंभीर है बल्कि आदिवासी बच्चों से जुड़ा होने के कारण अत्यंत संवेदनशील भी है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया कि सफाई कर्मी नियुक्ति को लेकर विवाद का बहाना बनाकर वर्षों से बच्चों से सफाई करवाई जाती रही, जबकि वैकल्पिक व्यवस्था करना सीधे तौर पर बीईओ और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी थी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने साफ कहा है कि शिक्षा विभाग से लगातार शिकायतें मिल रही हैं और इस प्रकरण में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि बीईओ पहले भी विवादों में रहे हैं और एक बार निलंबित भी किए जा चुके हैं। बावजूद इसके कुर्सी पर बने हुए हैं।

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही एसजीजीयू की महिला टीम

**सरगुजा।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल महिला चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही है। बेंगलुरु में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सरगुजा की टीम बेंगलुरु रवाना हुई। टीम 10 से 14 फरवरी तक प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम में सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के नियमित खिलाड़ी शामिल हैं, जो गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित अभ्यास करते हैं। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ से विश्वविद्यालय टीम में प्रज्ञा मिश्रा, रिविका लकड़ा, रिमझिम, साक्षी, प्रिया जायसवाल, सुष्मिता, प्रियंका पैकरा, संसिता, रागिनी, प्रीति, नेहा एवं आकांक्षा का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय की टीम कोच रजत सिंह एवं मैनेजर राधा खलखो के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग ले रही है।

### पूरी रात अस्पताल के सामने सड़क पर पड़ा रहा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां हर रोज दूर दराज के मरीजों का इलाज कराने पहुंचते है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल के सामने सड़क पर ही पूरी रात युवक पड़ा रहा लेकिन किसी ने उसे अस्पताल दाखिल कराना मुनासिब नहीं समझा और समय पर उपचार नहीं मिलने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं होने से शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह उस समय अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया जब मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने सड़क किनारे नाली पर युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवक रविवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच भवन के सामने सड़क किनारे नाली पर पड़ा हुआ था। इधर लोगों ने युवक को देख नशा कर सोने की आशंका पर ध्यान नहीं दिया जिससे पूरी रात युवक वहीं पर पड़ रहा था और आज सुबह युवक के शरीर में किसी प्रकार की हरकत नहीं होने देख लोगों ने घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस कर्मियों को दी। जांच उपरांत पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। इधर पुलिस मृतक की पहचान अस्पताल सहित आसपास के लोगों से कराई लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने पहचान के लिए शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है।

## तसीलदार और अधिकारियों से गाली गलौज, मारपीट, 15 गिरफ्तार

**बलरामपुर/ रामानुजगंज।** छात्रावास निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाए गई टीम व अधिकारी कर्मचारियों से गाली गलौज, मारपीट और उन्हें बधंक बनाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने रामचंद्रपुर क्षेत्र से कुल 15 आरोपियों को एक साथ गिरफ्तार किया है, इनमें से ज्यादातर आरोपी एक ही परिवार के है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



बताया जा रहा है कि रामचंद्रपुर में बालक छात्रावास भवन का निर्माण कराया जाना है। उक्त भवन निर्माण के लिए आबंटित भूमि पर लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। ऐसे में एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार अश्वनी चंद्रा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, पटवारी और राजस्व विभाग की टीम पुलिसकर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए गई हुई थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। इसके साथ ही आरोपियों ने लाठी डंडे से भी मारपीट की। मारपीट और विरोध के कारण शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। इतना ही नहीं आरोपियों ने 2 घंटे तक अधिकारियों को घेरकर रखा और रोड जाम कर दिया था। तहसीलदार की शिकायत पर जांच उपरान्त रामचंद्रपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (3), 191(1), 221, 132 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 15 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में रामचंद्रपुर निवासी 45 वर्षीय सबर हुसैन आ स्व. हदीश हुसैन, ▶▶ शेष पेज 2 पर

नाली की उंचाई को लेकर कर रहे है विरोध

## लोगों की आपसी खींचतान में रुक गया एनएच पर नाली निर्माण का कार्य

- काम बंद होने से बढ़ गई परेशानी, विधायक से की गई शिकायत

**राजपुर।** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण का कार्य अब अधर में लटका दिखाई दे रहा है। एक तरफ अधिकांश नगर वासी जल्द से जल्द नाली निर्माण कर सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ कुछ स्थानीय नेताओं ने नाली की ऊंचाई को लेकर विरोध करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में एनएच के अधिकारी और ठेकेदार भी असमंजस की स्थिति में है कि वो नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ रखे या फिर कार्य को बंद कर दे।



राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत किसी से छिपी नहीं है हर व्यक्ति सड़क पर बने गड्ढों व धुल से काफी परेशान हैं। ऐसे में हर व्यक्ति चाहता है कि सड़क जल्द से जल्द निर्माण हो परंतु कुछ स्थानीय लोगो के विरोध के कारण सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रहा है। सड़क निर्माण की कड़ी में नगर में नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण के प्रारंभ होते ही उंचाई को लेकर विरोध शुरू हो गया। स्थानीय लोगों ने नाली की उंचाई कम करने को लेकर कभी सरगुजा सांसद कभी क्षेत्रीय विधायक के समक्ष अपनी बात रखते हुए नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं जबकि नगर में मध्य में रहने वाले पार्षद राजन त्रिपाठी के घर के सामने भी लगभग तीन से चार फीट उंचे नाली का निर्माण होगा उसके बाद भी उन्होंने नाली निर्माण का समर्थन करते हुए जल्द से जल्द नाली निर्माण कराने की बात कही है। उन्होंने नाली निर्माण से पूर्व ही अपने सामने के घर को स्वयं से तोड़कर अपना जगह बना लिया है। इधर एनएच पर उड़ती धूल और निर्माण कार्य में लगे रोक से लोगों में आक्रोश काफी बढ़ गया है। उस दौरान मार्ग से गुजर रही सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा को लोगों ने रोक लिया अपनी परेशानी बताई और तत्काल काम शुरू कराने की गुहार लगाई है। इस दौरान लोगों ने बताया कि सड़क से उड़ती धूल के कारण लोग बीमार होने लगे हैं और जब निर्माण कार्य शुरू हुआ तो लोग उसके विरोध में उतर रहे हैं। लोगों के घर के सामने लगभग तीन से चार फीट ऊपर नाली निर्माण किया जा रहा है और लोग इसी का विरोध कर रहे हैं। नगर के बीचोबीच लगभग 200 से 300 मीटर नाली का निर्माण कर भी लिया गया है। लेकिन कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध करते हुए इस नाली निर्माण के काम को शहर में रोक दिया गया है। अब स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं और उन्होंने आज भाजपा के विधायक का ही रास्ता रोक लिया और अपनी परेशानी बताई और कहा कि नाली नहीं बनने से उनके सामने काफी दिक्कत हो गई है। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। विधायक ने लोगों की बात सुनने के बाद ▶▶ शेष पेज 2 पर



## खबर संक्षेप

### मुख्य मार्ग के किनारे सूखे पेड़ काटे गए



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेड कार्यालय के निकट मुख्य मार्ग किनारे विशाल सूखे पेड़ को सुरक्षित काटकर हटाने की कार्रवाई सोमवार को शुरू कर दी गई। व्यस्त मार्ग किनारे स्थित सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरे की आशंका उत्पन्न करती थी, साथ ही पास में स्थित मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सभी खतरे की घंटी। इस जगह के सूखे पेड़ को सुरक्षित काटकर हटाने को लेकर जनहित में हरिभूमि ने पूर्व में प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित किया था, लेकिन महीनों बाद अब जाकर प्रशासन को खतरे की सुध आई और कलेक्टर कार्यालय के निकट मुख्य मार्ग किनारे सूखे आम के पेड़ को काटने की कवायद शुरू कर दी गई। इस तरह संभावित खतरे की इस जगह के सूखे पेड़ को सुरक्षित काटकर हटा दिए जाने से इस मार्ग से आवागमन सुरक्षित हो सकेगा। कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालय इसी क्षेत्र में स्थित है, इसके चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, इसके अलावा मुख्य मार्ग होने के कारण भी यह मार्ग व्यस्त मार्गो में एक है, ऐसे में सुरक्षित आवागमन को लेकर सूखे पेड़ को काटकर हटाना अत्यंत जरूरी था। देर से ही सही लेकिन प्रशासन ने सुध लेकर मुख्य मार्ग के उक्त स्थल को सुरक्षित करने की दिशा में पहल सराहनीय है।

### एकल अभियान द्वारा निःशुल्क आरोग्य शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** एकल अभियान अंचल मनेन्द्रगढ़ संच मनेन्द्रगढ़ के विद्यालय ग्राम कोड़ा के साप्ताहिक बाजार में रविवार 8 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग मनेन्द्रगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे ,सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. स्वनिल तिवारी के सहयोग से निःशुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एलोपैथी और आयुष के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 203 लोगों ने अपना उपचार कराया। शिविर स्थल में ही रक्त परीक्षण, नेत्र परीक्षण, चश्मा जांच भी हुआ। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर भाषिता साहू, चिकित्सक डॉ. देवदंत, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राकेश सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.इंतजार ओरके, आयुष के डॉ. मेघा गुप्ता, डॉ. मानसी, आरडी दीवान, गेंद सिंह कंवर, अश्वनी अग्रवाल ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में एकल अभियान के सम्मानित समिति सदस्य भी उपस्थित रहे। एकल अंचल संरक्षक नीरज अग्रवाल, श्रीमती कृष्णा निशि , श्रीमती जया कर, श्रीमती प्रवीण सिंह, परमेश्वर सिंह, रविन्द्र मिश्रा, अंचल अभियान प्रमुख राजेश साहू, संच प्रमुख पारस यादव, प्यारेलाल मरपच्ची, संच व्यास राजमनिया शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एकलव्य में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**सोनहत।** छग राज्य के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब छात्र 11 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित थी। प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विभाग ने संशोधित तिथियां जारी की हैं। इसके तहत आवेदन में त्रुटि सुधार (करेक्शन) की सुविधा 12 से 14 फरवरी तक उपलब्ध रहेगी। हालांकि प्रवेश परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मनरेगा अंतर्गत प्राजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत प्रदान किया जा रहा

# अब 35 युवा बनेंगे राजमिस्त्री 70 का कौशल उन्नयन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अकुशल श्रम से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ाने के लिए युवा श्रमिकों को कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले में बड़ी संख्या में प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास योजना के बड़े लक्ष्य के लिए ग्राम पंचायतों में राजमिस्त्री उपलब्ध हो सकें, इसके लिए राजमिस्त्री का प्रशिक्षण निरंतर प्रदान किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण आरसेटी के माध्यम से आफलाइन मोड में मनरेगा अंतर्गत प्राजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत प्रदान किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजागार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 कार्यदिवस का अकुशल रोजगार प्रदान किया जाता है। योजनांतर्गत पंजीकृत परिवारों के ऐसे युवा जो निरंतर 60 दिन से अधिक का अकुशल श्रम करते रहते हैं, उन्हें प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जा रहा है, जिससे वह बेहतर आजीविका स्तर पर आगे बढ़ सकें। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत इस बार 35 युवाओं को सोनहत जनपद पंचायत से लिया गया है, इन्हें राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आरसेटी के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण में सोनहत जनपद की ग्राम पंचायत सोनहत के ही युवा शामिल हैं। विदित हो कि प्रोजेक्ट उन्नति के तहत जनपद पंचायत सोनहत में 105 श्रमिकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसमें से 70 युवा प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार से जुड़ गए हैं। अब यह अंतिम बैच के युवा मैदानी स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत आरसेटी के माध्यम से मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रतिदिन मैदानी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। गत 3 फरवरी से आरंभ हुए राजमिस्त्री का यह प्रशिक्षण आगामी 4 फरवरी को पूर्ण हो जाएगा और उसके बाद अकुशल श्रमिक कहलाने वाले युवा प्रशिक्षित राजमिस्त्री हो जाएंगे।



### प्रधानमंत्री आवास को मिलेगी गति

जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्णता के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित राजमिस्त्री की आवश्यकता को देखते हुए प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत निरंतर युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इससे आने वाले समय में हमें प्रधानमंत्री आवास निर्माण को और गति देने में सहूलियत होगी।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भारतीय जनता पार्टी एमसीबी जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती पावले ने सभी नवनियुक्त मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए उन्हें संगठनात्मक दायित्वों का निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले से लेकर मंडल स्तर तक आम जनता तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री अमित राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र राय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशीष राय, किसान मोर्चा महामंत्री धनेश यादव, एसटी मोर्चा महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, एसटी जिला मंत्री ज्ञान सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष विष्णु जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अमित साहू, मंडल अध्यक्ष राम सजीवन साहू एवं एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जय सिंह सहित समस्त मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएमएस की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से दूरी

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

■ बजट को बताया श्रमिक-विरोधी, संगठनात्मक नियुक्तियों पर भी मुहर

भारतीय मजदूर संघ बीएमएस ने 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्टव्यापी आम हड़ताल से स्वयं को पूरी तरह अलग करते हुए स्पष्ट किया है कि न तो वह इस हड़ताल का समर्थन करते हैं और न ही इसमें किसी प्रकार की भागीदारी करेगा।

बीएमएस के महामंत्री रविन्द्र हिमते ने कहा कि यह हड़ताल कुछ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत की गई है। इसमें बीएमएस की कोई भूमिका नहीं है। बीएमएस ने दो टूक कहा कि वह चार श्रम संहिताओं का स्वागत करता है। हालांकि श्रमिक हितों से जुड़े कुछ प्रावधानों पर सरकार से निरंतर संवाद एवं आवश्यक संशोधन की



मांग करता रहा है। संगठन का मानना है कि श्रमिकों से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद, सहमति और सकारात्मक प्रयासों के माध्यम से होना चाहिए, न कि राजनीतिक हड़तालों के जरिए। बीएमएस ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा श्रमिक हित में उठाए गए सकारात्मक कदमों का वह समर्थन करता रहेगा और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक व संवैधानिक तरीकों से उठाता रहेगा। इसी कारण 12 फरवरी को होने वाली किसी भी आम हड़ताल में बीएमएस की कोई भागीदारी नहीं होगी।

## जिला स्तरीय खेलों में विद्यार्थी चमके



**मनेन्द्रगढ़।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न खेलों में शानदार उपलब्धियां हासिल कर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में विद्यालय के छात्र आशीष नापित ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में पवन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम के अनुशासन, आपसी तालमेल और खेल कौशल की सभी ने सराहना की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरु

हरिभूमि न्यूज. सोनहत।

मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में इन दिनों धार्मिक उल्लास और भक्ति की बयार बह रही है। महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में 9 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा का शुभारंभ प्रथम दिवस भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 3 बजे विशाल कलश शोभा यात्रा से हुई, जो गाजे-बाजे और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ नगर भ्रमण करते हुए मिनी स्टेडियम पहुंची।

शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भगवान शिव के जयकारे लगाती नजर आईं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कथा का शुभारंभ मंत्रोच्चार,



निकली कलश यात्रा।

विधिवत पूजन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य विनयकांत त्रिपाठी ने शिव महापुराण के महत्व और भगवान शिव की महिमा पर विस्तृत प्रकाश डाला। आयोजकों ने बताया कि यह सात दिवसीय शिव महापुराण कथा क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक जागरण का संदेश देगी। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कथा श्रवण में शामिल होने की अपील की है। शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा।

## बूथ संगठन को मजबूत करने रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ स्तरीय प्रभारियों का भाजपा जिला कार्यालय छिन्दडांड़ में आगामी कार्ययोजना के लिए बैठक आयोजित किया गया। अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, सहकारी बैंक सरगुजा उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, अशोक जायसवाल, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, अनिल साहू, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक बिनोद साहू, जिला मंत्री सुनिता कुर्रे,जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है और संगठन कार्य को बूथ स्तर पर सफल क्रियान्यवन करने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि बूथ प्रभारी अब सीधे बूथ पर प्रवास कर बूथ समिति का सत्यापन कर बूथ की संरचना को और बेहतर बनाने एवं संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे।

## निःशुल्क पीएनटी प्री-नर्सिंग कोचिंग से विद्यार्थियों के सपनों को मिल रही नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



■ न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की अभिनव पहल

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बैकुंठपुर स्थित न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल प्रारंभ की है।

संस्थान द्वारा छग व्यापम द्वारा आयोजित प्री-नर्सिंग टेस्ट, चयन परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रारंभ की जा रही है, जिससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को नर्सिंग क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। नर्सिंग क्षेत्र में प्रवेश के लिए छग राज्य में व्यापम द्वारा आयोजित प्री-नर्सिंग टेस्ट में चयन अनिवार्य होता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय (पीसीबी झ भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान) से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुसंगठित व्यवस्था प्रारंभ की है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान में पंजीयन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की व्यवस्थित एवं प्रभावी तैयारी का अवसर मिलेगा। संस्थान छग शासन, इंडियन नर्सिंग काउंसिल, सीजीएनआरसी तथा आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है, जो गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीय पहचान स्थापित कर चुका है। संस्थान का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत कुशल स्वास्थ्य कर्मी बनाना भी है। संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग में अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप सुनियोजित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। आधुनिक शिक्षण तकनीक, मानक अध्ययन सामग्री तथा नियमित टेस्ट प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अब अधिक समय तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 11 फरवरी कर दिया गया है। वहीं ऑनलाइन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार की अवधि भी संशोधित की गई है जो अब 12 से 14 फरवरी तक रहेगी। प्रवेश परीक्षा की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## आप के नेता विकास भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

■ स्वास्थ्य मंत्री ने पहनाया केसरिया गमछा

जिले में आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। जिले में आप का चेहरा माने जाने वाले जिलाध्यक्ष विकास पांडेय ने अरविंद केजरीवाल का साथ छोड़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस दल बदल ने जिले की राजनीति में हलचल तेज कर दी है।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विकास पांडेय का आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री जायसवाल ने विकास को भाजपा का पारंपरिक गमछा पहनाकर आधिकारिक रूप से पार्टी की



सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी, राहुल सिंह, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने नारों के साथ नए सदस्य का अभिनंदन किया। भाजपा में शामिल होने के बाद विकास पांडेय ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि मैं लंबे समय से भाजपा की कार्यप्रणाली और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनहितकारी नीतियों का अवलोकन कर रहा था। अंततः मुझे महसूस हुआ कि क्षेत्र के वास्तविक विकास और राष्टवाद की विचारधारा के साथ चलने का एकमात्र मंच भाजपा ही है। मैं बिना किसी स्वार्थ के भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूं और अब समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सेवा करूंगा। श्री पांडेय का भाजपा में जाना केवल एक व्यक्ति का दल बदलना नहीं है, बल्कि एमसीबी जिले में आम आदमी पार्टी के संगठन के लिए एक बड़ी सेंधमारी मानी जा रही है।

## कोरिया के चारों थाना प्रभारी समेत कई कर्मी बदले गए

# बैकुंठपुर के राजेश, प्रमोद पटना थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक कोरिया ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस विभाग में आरक्षक से लेकर निरीक्षक तक के तबादले आदेश जारी किए।

जारी आदेश में दो निरीक्षक, चार उप निरीक्षक व सहायक उप निरीक्षकों के साथ तीन प्रधान आरक्षक तथा 56 आरक्षकों के थोक में तबादला किया है। इनमें 5 महिला आरक्षक भी शामिल हैं। जारी तबादला आदेश के अनुसार निरीक्षक विनोद पासवाल प्रभारी साइबर सेल, सीसीटीएनएस को थाना प्रभारी सोनहत के साथ-साथ प्रभारी साइबर सेल सीसीटीएनएस का अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं निरीक्षक विपिन लकड़ा सिटी कोतवाली प्रभारी को प्रभारी जिला विशेष शाखा का प्रभार दिया गया है। इसी तरह उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय थाना प्रभारी चरचा को थाना प्रभारी पटना,





आनंद सोनी प्रभारी जिला विशेष शाखा को थाना प्रभारी चरचा, राजेश तिवारी थाना प्रभारी पटना को थाना प्रभारी बैकुंठपुर,नीलमणी कुजूर चौकी प्रभारी रामगढ़ को थाना बैकुंठपुर स्थानांतरित किया गया। वहीं सहायक उप निरीक्षकों में घनश्याम यादव थाना पटना को थाना चरचा, जगनारायण साहू थाना बैकुंठपुर को चौकी प्रभारी रामगढ़, लक्ष्मी कश्यप थाना चरचा को चौकी प्रभारी बचरापोड़ी तथा गुरू प्रसाद यादव चौकी बचरापोड़ी को थाना बैकुंठपुर स्थानांतरित किया गया। **तीन प्रधान आरक्षक सहित 59 आरक्षक प्रभावित:** पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने 9 फरवरी को जारी तबादला आदेश में थोक में प्रधान आरक्षक सहित आरक्षकों के तबादला आदेश जारी किए।

### उप निरीक्षक को सिटी कोतवाली का प्रभार

पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा 9 फरवरी को जारी विभागीय कर्मियों के तबादला आदेश में उप निरीक्षक राजेश तिवारी थाना प्रभारी पटना को सिटी कोतवाली बैकुंठपुर का प्रभारी बनाया गया है। आमतौर पर शहरी क्षेत्र के थाना का प्रभारी निरीक्षक स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाती है, लेकिन ताजा जारी आदेश में उप निरक्षक स्तर के अधिकारी को शहरी क्षेत्र के थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक स्तर को बनाया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोचियों के बाद...

धीरे एनएच किनारे की इस बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर सके। वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर ग्रामीण ढाबा व झोपडी बना सकते है जिससे फ्लाई ओवर पर भारी वाहन बेवजह रुकेंगे और घुमावदार मोड़ के साथ ब्लैक स्पॉट पर मौजूद फ्लाई ओवर पर दुर्घटनाएं बढ़ेगी। एनएच किनारे बेवजह किए गए कब्जे के कारण लोग सामान लेने के लिए रुकेंगे और अपने वाहनों को बेतरतीब खड़ी करेंगे।

### मोहरा एनीकट में ...

में डूब गए। साथियों ने शोर मचाया,लेकिन तब तक दोनों पानी में लापता हो चुके थे,घबराए बच्चों ने घर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। बताया गया कि अयान कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था, जबकि आदिल मनेंद्रगढ़ में अपने नाना-नानी के यहां रहकर मदरसे में पढ़ाई कर रहा था और शब-ए-बारात पर्व पर अपने घर आया हुआ था। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है तथा शिवनन्दनपुर जयनगर गांव में शोक का माहौल है।

### तसीलदार और अधिकारियों ...

42 वर्षीय जमरूददीन अंसारी आ.स्व. अलाउद्दीन, 24 वर्षीय गददा हुसैन आ. स्व. अलाउद्दीन, 38 वर्षीय फिदा हुसैन आ. स्व. हदीश हुसैन, 22 वर्षीय शमसेर अंसारी आ. खुदा बख्श, 19 वर्षीय मोनिश रजा आ. अकबर अंसारी, रेवतीपुर निवासी 34 वर्षीय इनताज अली आ. हसनुददीन जूलाहा, 30 वर्षीय मुजाहिद हुसैन आ. वकील अहमद, 34 वर्षीय अरशद एजाज आ. तुफैल अहमद, 25 वर्षीय गुलाम यजदानी आ. गुलाम जिलानी, 24 वर्षीय शेरू मंसूरी आ.तसलीम मंसूरी, 26 वर्षीय मकसूद आलम आ. महजूदीन, 37 वर्षीय मोसब्बर अंसारी आ. आबिद अंसारी, 55 वर्षीय आलम अंसारी पिता स्व. अलाउददीन, महाबीरगंज निवासी 32 वर्षीय इंतखाब अंसारी आ. मुस्ताक को गिरफ्तार किया है।

### लोगों के आपसी ...

असमंजस स्थिति में फंस गई क्योंकि एक तरफ कुछ नेताओं ने कुछ दिन पूर्व विधायक से नाली निर्माण को बंद कराने की मांग की थी तो वहीं कुछ नेताओं व स्थानीय लोगों ने कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की हैं। विधायक ने आज स्थानीय लोगों की बातों को सुनकर अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। इस दौरान विधायक ने बताया कि निर्माण कार्य रुका नहीं है बल्कि दूसरे स्थान पर काम चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



बिश्रामपुर। बाइक में पेट्रोल भरवाकर एनएच 43 पर पहुंचे बाइक सवार युवक ट्रक के पिछले चक्का की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है,जानकारी के अनुसार ग्राम नयनपुर खुटरापारा निवासी करीब 25 वर्षीय गोविंद राजवाड़े सोमवार की दोपहर में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएल 1711 में ग्राम तेलईकछार शशिपुर स्थित एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल वाहन में भरवाकर जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा,तभी ट्रक क्रमांक 15 ए 9646 की चपेट में आ गया,दुर्घटना में युवक के पैर में गंभीर चोट आई है,जिसे जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 36 खिलाड़ी हुए शामिल




**अम्बिकापुर।** शतरंज संघ द्वारा रविवार को शतरंज भवन में विभिन्न आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कुल 38 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांच देखने को मिला तथा नन्हें खिलाड़ियों ने वरिष्ठ खिलाड़ियों को मात देकर अपनी प्रतिभा साबित की। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में गौरव साहू-विजेता, हिमानिश तिर्की – उप विजेता, यश कुमार गुप्ता-तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में सानिध्य गुप्ता-विजेता, प्रदीप्ता पाण्डेय-उप विजेता, देव अग्रवाल – तृतीय। 13 वर्ष आयु वर्ग – अंशुमन सहाय विजेता, निशांत कुमार सिंह उपविजेता, सुजल कुमार गुप्ता तृतीय तथा 11 वर्ष आयु वर्ग में आर्यन राज डांगरे विजेता, आरव पाण्डेय उप विजेता, नायशधा केशरवानी – तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ओनिका राही विजेता, अनिता विश्वकर्मा उपविजेता, राखी तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को शतरंज संघ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रदीप कुमार मण्डल और शेष रतन जायसवाल ने निभाई। सानिध्य गुप्ता, अंशुमन साय, आरव पाण्डेय, हिमानीश तिर्की, नव्या सिंह, अमन सिंह, पार्थ गुप्ता, अभिषेक राजवाड़े, वरूण सोनी, अक्षत राज डांगरे, आदर्श वर्मा को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एसके वैष्णव अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष एसएसपी वर्मा, सचिव एसएम कुरैशी, सत्यजीय मिश्रा, अविनाश पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय, प्रदीप डांगरे आदि उपस्थित थे।

### सूरजपुर नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण होने का मार्ग प्रशस्त

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में बहुप्रतीक्षित जिला न्यायालय भवन निर्माण को लेकर आ रही अड़चनें अब दूर हो गई हैं,राज्य विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को शेष व्यपर्वतन अंतर की राशि करीब 15 लाख रुपये दिए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है जिसके बाद अब नवीन न्यायालय भवन निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। सुरजपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि सूरजपुर जिला न्यायालय भवन निर्माण हेतु कुल 1.82 हेक्टेयर वन भूमि के व्यपवर्तन के लिए शेष 14 लाख 85 हजार रुपए की स्वीकृति विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा प्रदान करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दे दिया गया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के एडिशनल रजिस्ट्रार प्रशासन संतोष ठाकुर द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर को औपचारिक ज्ञापन जारी कर सम्बंधित विभाग से कार्य का पालन कराने को कहा गया है,ज्ञापन में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त स्वीकृत राशि को कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), संभाग सूरजपुर के माध्यम से वनमंडलाधिकारी, वनमंडल सूरजपुर के कैंपा खाते में शीघ्र जमा कराया जाए। राशि जमा होने के पश्चात संबंधित वन भूमि का विधिवत आवंटन कर उसे न्यायालय प्रशासन के पूर्ण आधिपत्य में लिया जाएगा,साथ ही भूमि का कब्जा प्राप्त होने के बाद उच्च न्यायालय रजिस्ट्री को इसकी सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं,उन्होंने बताया कि अब यह प्रक्रिया पूरी होते ही वर्षों से लंबित सूरजपुर जिला न्यायालय के नए भवन निर्माण का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो जाएगा।श्री शर्मा ने बताया कि नए जिला न्यायालय भवन के निर्माण से न्यायिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी, अधिवक्ताओं और वादकारियों को बेहतर आधारभूत संरचना मिलेगी तथा न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## व्यवसायिक खबर

### स्वरंग किड्स एकेडमी के बच्चों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**अम्बिकापुर।** आर्य वैद्यशाला कोट्टकल के बैनर तले डॉ.अक्षरा दुबे ने छोटे बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उचित उपचार की सलाह दी। बच्चों में सर्दी-खाँसी के अलावे उनके वजन और लम्बाई में कमी की समस्या पायी गयी। सभी बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। यह संस्कार 0-16 वर्ष के बच्चों का किया जाता है ताकि उनमें रोग-प्रतिरोधक क्षमता के साथ शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक क्षमता का विकास हो। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावकों तथा शिक्षिकाओं का भी चिकित्सीय परीक्षण कर के परामर्श दिया गया। बाल झड़ने तथा स्कीन संबंधी समस्या उनमें आम थी। सभी को यथोचित उपचार कराने की सलाह दी गयी।

कक्षाओं की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई, अन्य भवनों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

# कमरों की समस्या के निराकरण के लिए पीजी कॉलेज को मिली 1.2 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहे संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय को शासन ने समस्या के निराकरण के लिए 1 करोड़ 2 लाख 67 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। कॉलेज प्रबंधन ने इस राशि से पुराने भवन के कुछ जर्जर कक्षाओं की मरम्मत कराने के साथ ही रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराने का निर्णय लिया है।

संभाग मुख्यालय में स्थित राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहा है। प्रारंभ में कॉलेज का संचालन कुमार पैलेस में प्रारम्भ किया गया था। वर्तमान भवन में वर्ष 1970 से कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। भवन 55 साल पुराना होने के कारण अब कक्षाओं की छते जर्जर हो गई है तथा बरसात में लगातार पानी टपकने के कारण कमरे अनुपयोगी हो रहे हैं। इधर लॉ विभाग के विद्यावृत्त भवन को पिछले साल लोनिवि ने खतरनाक एवं अनुपयोगी घोषित कर दिया है। भवन की छत जगह-जगह से गिर रही है। दीवारों में खतरनाक दरारें आ गई हैं साथ ही छत का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कक्षाओं की कमी होने के कारण कॉलेज का संचालन दो सत्रों में किया जा रहा है इसके बावजूद जगह के अभाव में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन विभागों में किया जा रहा है। अनुपयोगी घोषित होने के बावजूद कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण जर्जर विद्यावृत भवन में भी विधि संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। प्राध्यापकों का कहना है कि कॉलेज में संचालित विभिन्न संकायों में 5500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सभी विद्यार्थी नियमित उपस्थित हो तो बैठना तो दूर की ता कक्षाओं में उन्हें खड़े होने की भी जगह मिलना संभव नहीं है।

### रूसा भवन में होगा कमरों का निर्माण

कमरों की समस्या के निराकरण के लिए कॉलेज प्रबंधन ने पुराने भवन की जर्जर चार कक्षाओं की छत को उखाड़कर सीमेंट सीट लगाने का निर्णय लिया है। मरम्मत के कम खर्च में 4 कक्षाएं तैयार हो जाएंगी। शेषि राशि से रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराया जाएगा। इन कमरों का उपयोग कक्षाओं एवं लैब के लिए किया



### नए भवन के लिए 18 करोड़ का प्रस्ताव

कॉलेज प्रबंधन ने जर्जर विद्यावृत भवन के स्थान पर वर्तमान जरूरतों को देखते हुए तीन मंजिला भवन बनवाने का विचार किया है। इस भवन के बनने से कक्षाओं, प्रयोगशाला सहित अन्य सभी जरूरतें पूरी हो जाएगी। इसके लिए प्रबंधन ने शासन को 18 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है। कॉलेज प्रबंधन ने पीएम उषा योजनान्तर्गत छात्राओं के कौशल विकास, फिटनेस सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी 8 कमरों के एक दो मंजिला भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### चाहिए 42 कमरे 22 से चल रहा काम

प्राध्यापकों के अनुसार सभी संकाय की कक्षाओं के नियमित संचालन के लिए कॉलेज को 42 कमरों की आवश्यकता है जबकि कॉलेज भवन में मात्र 22 कमरे उपलब्ध हैं। कॉलेज में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में विद्यार्थी नियमित उपस्थित नहीं होकर प्रबंधन के लिए मददगार बन गए हैं। कुछ कमरे ऐसे भी हैं जो छत से पानी टपकने के कारण बरसात में अनुपयोगी हो जाते हैं। नई शिक्षा पद्धति में बड़ी संख्या में नए विषयों को शामिल किया गया है। विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को एक-दूसरे के विषय का अध्ययन अनिवार्य किया गया है। सभी विषयों में प्रायोगिक कार्य भी निर्धारित है लेकिन कॉलेज के पास इससे संबंधित प्रयोगशालाएं नहीं है। अन्य विषयों के प्रायोगिक कार्य के दौरान कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया जाता है।

### मिली है स्वीकृति

शासन से भवन निर्माण के लिए 1.2 करोड़ की स्वीकृति मिली है। राशि से रूसा बिल्डिंग के ऊपर 6 कमरों का निर्माण एवं पुराने भवन के चार कमरों की मरम्मत कराई जाएगी। एक अन्य भवन के निर्माण हेतु शासन को 18 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

डॉ.अनिल सिन्हा
प्राचार्य, पीजी कॉलेज

# राशन दुकान से 2 लाख के खाद्यान्न की चोरी

हरिभूमि न्यूज.मैनपाट

बीती रात चोरों ने ग्राम पंचायत नर्मदापुर अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान से दो लाख से अधिक का खाद्यान्न एवं शक्कर पार कर दिया। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। सुबह बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो रात में एक पिकअप व ओमनी कार दुकान के सामने खड़ी दिखी है।

■ जांच में जुटी पुलिस

रविवार को दोपहर में ट्रक से सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान में जिला मुख्यालय से राशन पहुंचा था। विभाग द्वारा लम्बे अंतराल के बाद फरवरी माह के चावल व शक्कर के साथ दो महीने का चना हितग्राहियों के लिए भेजा गया था। मध्य रात्रि राशन दुकान के पास एक कार एवं पिकअप खड़ा देख ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर राशन दुकान संचालक को फोन भी किया लेकिन संचालक ने किसी का फोन रिसीव नहीं किया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों ने संचालक एवं पुलिस को दी। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही संचालक से पूछताछ की। संचालक ने बताया कि रविवार को ही फरवरी महीने का 20 बोरी शक्कर, 58 बोरी चावल एवं दो महीने का 52 बोरी चना ट्रक से पहुंचा था जिसे दुकान में भण्डारित किया गया था। चोर राशन दुकान का ताला तक पार कर दिए हैं। सोमवार को पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को खंगाला तो राशन दुकान के सामने राशन लोड एक ओमनी कार एवं एक पिकअप दिखी है। दोनों वाहनों का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस द्वारा रात्रि गश्त बंद करने से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोर घरों के बाहर लगे बल्ब से लेकर अन्य सामानों की लगातार चोरी करने के साथ ही सूने घर एवं दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं।

## ईब नदी में रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि ईब नदी में रेत चोरी और अवैध खदान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच 09 फरवरी 2026 को की गई। जांच के दौरान ईब नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित की गई कुल 960 घनमीटर रेत को अभय कन्स्ट्रक्शन, जशपुर से जप्त किया गया। इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस लाइन मैदान में खेल कराए जा रहे निर्माण पर रोक लगाने की मांग

**अंबिकापुर।** पुलिस लाइन मैदान में भवन निर्माण कराए जाने को लेकर खेल प्रेमियों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने आईजी से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा है। खेल प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने खेल मैदान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है।

भाजपा पार्षद विकास पाण्डेय ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाईन मैदान के पश्चिमी हिस्से के बीचो-बीच पुलिस भवन प्रस्तावित है। भवन निर्माण हेतु ले आउट भी कर लिया गया है। इस मैदान में बौरीपारा निवासी खिलाड़ी एवं पुलिस कर्मियों के बच्चे वर्षों से खेल मैदान में खेल अभ्यास एवं व्यायाम करते आ रहे है। मैदान में लगभग 5 वार्ड के खिलाडी भी वहीं सुबह-शाम खेल का अभ्यास करते हैं। अगर यहां मकान का निर्माण कराया जाता है तो मैदान संकुचित हो जाएगा और खेल प्रतियोगिता या मैदान का जो मापदण्ड है वह भी आवासीय मकान बनने से बाधित होगा। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दिक्कत होगी। इस लिए उन्होंने खिलाड़ियों के भविष्य को देखते हुए भवन निर्माण का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है। इस दौरान संजीव वर्मा, शैलेष सिन्हा, रोहित तिवारी, निशात सिंह दिग्विजय सिंह, रमन भामरा, निरंजन अग्रवाल मौजूद थे।

■ भाजपा पार्षद, खेल प्रेमियों ने आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन



### वार्डवासियों ने भी सौंपा ज्ञापन

पुलिस लाइन मैदान में कराए जा रहे भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाकर अन्यत्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों व खेल प्रेमियों ने भी आईजी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा है। युवा नेता रजनीश सिंह ने बताया कि शहर के मध्य स्थित खेल मैदान पुलिस विभाग की संपत्ति है लेकिन वर्षों से विभाग की उदारता के कारण शहर के बच्चे और युवा खेलकूद व शारीरिक अभ्यास करते आ रहे है। वर्तमान में शहर में कोई अन्य मैदान शेष नहीं बचा है जिससे बच्चे आउटडोर खेलों से दूर होते जा रहे है। खेल को बढ़ावा देने और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए वार्डवासियों और खेल प्रेमियों ने आईजी से मांग की है कि पुलिस विभाग अपने प्रस्तावित निर्माण कार्य को इस खेल मैदान के बजाय विभाग की ही किसी अन्य रिक्त भूमि या स्थान पर करा ले ताकि यह मैदान बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित बचा रहे। इस दौरान पिंकू पांडेय, अभिषेक तिवारी, अंशु सिंह, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश सिंह, आशीष सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

# जिला स्तरीय अधिवेशन में 18 लोगों ने लिया नेत्र व देहदान का संकल्प

**अंबिकापुर।** दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन सक्षम की सरगुजा इकाई द्वारा 7 फरवरी को साईं बाबा महाविद्यालय में जिला स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समावेशन स्वास्थ्य जागरूकता तथा सेवा भाव को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल हुई जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की। इसके साथ ही विशिष्ट अदिथि के रूप में उमेद सिंह चारन, एमआईसी सदस्य मेन्श सिंह व शशिकांत जायसवाल शामिल हुए। गोष्ठी में सक्षम के प्रांतीय सचिव अनूप पाण्डेय, सह सचिव अंजलि चावड़ा, नेत्र चिकित्सक डॉ. अभिजीत जैन, एमडी पैथोलोजी डॉ. दीपक गुप्ता, एमडी मेडिसिन डॉ. परमानंद अग्रवाल, प्राचार्य साईं बाबा कॉलेज डॉ. राजेश श्रीवास्तव, आर्ट ऑफ लिविंग से संजय अग्रवाल, विवेक सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दिव्यांग राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरीशचन्द्र पटेल ने अपने जीवन के अनुभवं साझा किए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगो के प्रति जागरूकता और संवेदना जागरूक करने के लिए विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सक्षम के उपाध्यक्ष देवराज सिंह बाबरा ने 1 से 6 फरवरी तक किए गए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 18 नागरिकों ने नेत्रदान एवं देहदान का संकल्प भी लिया गया। इनमें बृजभान सिंह, उमेद सिंह चारण, त्रिलोचन सिंह बाबरा, संजय अग्रवाल, राजीव पाठक, देवराज सिंह बाबरा, शत्रुधन विश्वकर्मा, दीपक वासूले, अमन सिंह, रामनिधि यादव, कृपा सिंह, निशा कुजूर, पूजा सिंह, निशा राजवाड़े, विनीता एक्का, सुनीता दास, विवेक सिंह, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य ने नेत्रदान का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए सक्षम संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में समावेशन एवं संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीसीसीएफ को जांच के लिए लिखा पत्र




## जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

बलरामपुर। रविवार को नगर में जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं कन्या उमावि में किया गया। इस परीक्षा में 19 जनवरी को हुए विकासखंड स्तरीय परीक्षा में चयनित बालक बालिका प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र गौ सेवा सम्मान में मेडल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाल कार्य प्रमुख सिद्धि विनायक एवं अध्यक्षता कर रहे गौ सेवा संवर्धन प्रमुख बिगन सिंह, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड संजीत कुमार, तपेश्वर सिंह, माता बाल कुमारी सिंह, नोडल अधिकारी अभिषेक पैंकरा, उधम सिंह, अजय गुप्ता, विनय पाठक, धनंजय तिवारी, भारदूल सिंह, दिनेश यादव, उमाशंकर भगत, विशंभर दास, श्याम सुंदर साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## डीएवी स्कूल के फेयरवेल में छात्रों ने चारपहिया वाहन से करी स्टंटबाजी

बिश्रामपुर। नगर में संचालित डीएवी विद्यालय में सोमवार को आयोजित कक्षा 12वीं के फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान कुछ नाबालिग छात्रों द्वारा चारपहिया वाहनों से स्टंटबाजी करने एवं हूटर बजाकर रैली निकालने का मामला सामने आया है,सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहनों को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होने कुछ नाबालिग छात्र विद्यालय प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों को नजरअंदाज व उल्लंघन करते हुए चारपहिया वाहनों से विद्यालय पहुंचे थे,कार्यक्रम के समापन के बाद इन्हीं छात्रों द्वारा विद्यालय से कॉलोनी तक चारपहिया वाहनों की रैली निकाली गई,जिसमें प्रीमियम मॉडल्स व महंगे वाहनों में लगे विशेष हॉर्न व तेज ध्वनि हूटर बजाए गए और गाड़ियों से स्टंटबाजी भी की गई।इस दौरान किसी नागरिक ने बिश्रामपुर पुलिस को सूचना दे दी,मौके पर पहुंची पुलिस को देख कई वाहन चालक छात्र मौके से फरार हो गए।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

मदनपुर में गैस गोदाम निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल से

# अवैध कब्ज़ाधारियों को किया गया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना हेतु चिन्हित स्थल से तीनों कब्जा धारियों को आज सोमवार को बेदखल कर दिया गया है,कार्यवाही पर स्थानीय लोगों द्वारा अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई गई लेकिन उन्हें हटा दिया गया,गौरतलब है कि सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी लंबे समय से चल रही है।

राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में भूमि के नापजोख की प्रक्रिया जब शुरू की गई,तब भी ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था,इसी मामले को लेकर यहाँ पर सोमवार को लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का दलबल के साथ प्रस्तावित गैस गोदाम के चिन्हित स्थल पहुंचे थे,इसके बाद यहां पर भारी पुलिस बल की उपस्थिति में 40-50 वर्षों से काबिज प्रदीप मंडल,अन्नू पण्डो, स्व. कल्पना राय पति विष्णु राय के कब्जा को हटवाकर यहां पोल फेसिंग कार्य पूर्ण कराकर प्रशासन ने उक्त भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है,ज्ञात हो कि ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू में स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई थी। प्रस्तावित गोदाम स्थल के समीप ही सिलफिली महाविद्यालय के अलावा पार्वती बीएड कॉलेज और कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं, वहां उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा,भीड़भाड़ वाले इलाके और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411